## आंतरिक संप्रेषण

कॉनकॉर सकल कर्मचारी सहभागिता पर केंद्रित है तथा हमेशा ही द्विभाषी संप्रेषण सुनिश्चित करता है ताकि संगठन में महत्वपूर्ण मानदंडों पर कर्मचारियों की प्रतिपुष्टि, सर्वे, परिचर्चा सत्र आदि के माध्यम से मिल सकें। कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों का समय पर समाधान और उन पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।

कॉनकॉर में संप्रेषण का औपचारिक एवं अनौपचारिक माध्यम है जोकि लंबवत एवं समस्तरीय, शीर्ष-निम्म तथा विपरीत क्रम में संगठन एवं कर्मचारियों से संबंधित प्रत्येक विषय पर होता है।

आंतरिक संप्रेषण में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रेषित करने हेतु मैनुअल एवं इलैक्ट्रॉनिक दोनों माध्यम है।

कॉनकॉर में खुला दरवाजा नीति अपनाई गई है जिसमें कोई भी कर्मचारी कार्य से संबंधित अथवा व्यक्तिगत विषय पर वरिष्ठ प्रबंधन से मिल सकता है।

कॉनकॉर का व्यवसाय समस्त भारत में 8 क्षेत्रीय कार्यालयों में बंटा हुआ है जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। क्षेत्रीय कार्यालयप्रमुखों और विभागाध्यक्षों का त्रैमासिक सम्मेलन मुख्यालय में किया जाता है जिसमें निष्पादन प्रतिपुष्टि, मार्किट इंटेलिजेंसी प्राप्त की जाती है तथा अगली तिमाही के लक्ष्य और उद्देश्यों का प्रसार किया जाता है। क्षेत्रीय कार्यालयों की शिकायतों का भी समाधान किया जाता है। वर्तमान समस्याओं का संभावित समाधान तथा भविष्य के लिए कॉनकॉर के विजन पर भी व्यापक रूप से चर्चा की जाती है। क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त मासिक व्यावसायिक रिपोर्ट को हर महीने संकलित किया जाता है और यदि कोई मसला है तो उसका तुरंत समाधान किया जाता है।

राजभाषा हिंदी के प्रति राष्ट्रीय प्रतिबद्धता हेतु कॉनकॉर एक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन करता है जिसमें सभी कर्मचारी तथा उनके परिवार के लोग हिंदी में मूल लेखन को बढ़ावा देने हेतु सहयोग देते हैं।

समस्त कार्मिक नीतियां को सभी कर्मचारियों में सर्कुलेट किया जाता है तथा इसे कर्मचारी पोर्टल पर अपेडेट किया जाता है।

आंतरिक और बाह्य स्टैक होल्डरों में महत्वपूर्ण सूचना के संप्रेषण हेतु तथा उनसे प्रतिपुष्टि प्राप्त करने के लिए कॉनकॉर वेबसाईट (www.concorindia.com) का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

एचआर पॉलिसियों, कर्मचारियों के व्यक्तिगत विवरण, अवकाश, वेतन पर्ची, प्रतिपुष्टि, भत्ते, ऋण तथा अग्रिम, एपीएआर रेटिंग आदि सहित एचआर/व्यक्तिगत विषयों की अद्‌यतन जानकारियां कर्मचारी को इम्पलाई पोर्टल के माध्यम से तुरंत उपलब्ध कराई जाती है। इम्पलाई पोर्टल एक माध्यम के रूप में भी कार्य करता है जहां कर्मचारी अपनी अनिवार्यत: प्रोपर्टी रिटर्न फाईल कर सकता है तथा अपने आश्रितों की घोषणा भी कर सकता है।